Paper-Maker Monika Awasthi

Directions (1-5): **निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

P, Q, R, S, T, U और V सात खिलाड़ी हैं जो एक ही टीम के लिए खेलते हैं. एक मैच की बैठक में, वे सभी एक वृताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं. साथ ही प्रत्येक खिलाड़ी को अपना प्रशिक्षण पूरा करना है, जो उन्हें सौंपा गया है. कोई भी दो खिलाड़ी साथ में प्रशिक्षण पूरा नहीं कर सकते और कोई भी दो आसन्न खिलाड़ी एक–दूसरे के ठीक बाद अपना प्रशिक्षण पूरा नहीं करते हैं. P, Q से ठीक पहले अपना प्रशिक्षण पूरा करता है. R, S के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है लेकिन वह अपना प्रशिक्षण S के बाद पूरा करता है. Q, V के ठीक बाएं बैठा है. T उस खिलाड़ी के ठीक बाएं बैठा है, जो केवल दो खिलाड़ियों के पहले अपना प्रशिक्षण पूरा करता है. U, Q के ठीक बाद अपना प्रशिक्षण पूरा करता है लेकिन R के बाद नहीं. V के पहले अपना प्रशिक्षण पूरा करने वाली खिलाड़ियों की संख्या, V के बाद अपना प्रशिक्षण पूरा करने वाली खिलाड़ियों के समान है. U उस व्यक्ति के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है जो सबसे पहले अपना प्रशिक्षण पूरा करता है.

Q1. **Q के दायें से चौथे स्थान पर कौन बैठा है?**

(a)U

(b)R

(c)P

(d)V

(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 2

QTagsCircular seating arrangement

Q2. **P के पहले कितने खिलाड़ी अपना प्रशिक्षण पूरा करते हैं?**

(a) 1

(b) 5

(c) 4

(d) 2

(e) कोई नहीं

L1Difficulty 2

QTagsCircular seating arrangement

Q3. **S से निम्नलिखित में से कौन-सा घडी की सुई की दिशा के विपरीत बैठने का क्रम है(S को शामिल करते हुए)?**

(a) S, Q, P, R, U, V, T

(b) S, U, P, R, T, V, Q

(c) S, Q, V, P, R, U, T

(d) S, T, Q, V, R, P, U

(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 2

QTagsCircular seating arrangement

Q4. **निम्नलिखित में से कौन R के ठीक बाद अपना प्रशिक्षण पूरा करता है?**
(a) Q
(b) V
(c) P
(d) S
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTagsCircular seating arrangement

Q5. **निम्नलिखित में से कौन S के ठीक दायें बैठा है?**
(a) P
(b) U
(c) T
(d) V
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTagsCircular seating arrangement

**Direction (6-10): निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए.**
**एक निश्चित कूट भाषा में:**
"Class Always Hard" को "R5D C4I R6B" के रूप में लिखा जाता है,
"Order Mixture Loss" को "R4M Q5P D7N" के रूप में लिखा जाता है,
"Table Pineapple Orange" को "D6P D5U D9Q" के रूप में लिखा जाता है.

Q6. **दी गई कूट भाषा में 'AVERAGE' का कूट क्या है?**
(a) B7D
(b) D7B
(c) D7Z
(d) G7B
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTagsCoding-Decoding

Q7. **'K11T' निम्नलिखित में से किसका कूट हो सकता है?**
(a) Superspecial
(b) Sacrifical
(c) Supercharge
(d) Semilethal
(e) Sentimental
L1Difficulty 2
QTagsCoding-Decoding

Q8. **दी गई कूट भाषा में ‘VERTICAL’ का कूट क्या है?**
(a) W7K
(b) K8W
(c) K7W
(d) W8K
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTagsCoding-Decoding

Q9. **‘K8Q’ को निम्नलिखित में से किसके लिए कूटबद्ध किया जा सकता है?**
(a) Pool
(b) Pencil
(c) Physical
(d) Nature
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTagsCoding-Decoding

Q10. **दी गई कूट भाषा में ‘INDIAN TODAY NEWS” का कूट क्या है?**
(a) M6J X4U R4O
(b) X3U M6J R4O
(c) R4O M7J X4U
(d) M6J R5O X4U
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTagsCoding-Decoding

**Q11. एक व्यक्ति बिंदु A से दक्षिण दिशा की ओर चलना आरंभ करता है. 10 मी चलने के बाद, वह दायें ओर**

**मुड़ता है और 4 मी चलता है. फिर वह बायें ओर मुड़ता है और 5 मी चलता है. फिर वह दुबारा दायें ओर**

**मुड़ता है और 4 मी चलता है और बिंदु B पर रुकता है. उसके प्रारंभिक बिंदु के सन्दर्भ में, उसकी न्यूनतम दूरी और दिशा क्या है?**

(a) 13 मी, दक्षिण
(b) 17 मी उत्तर–पूर्व
(c) 25 मी, पश्चिम
(d) 17मी, दक्षिण–पश्चिम
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTagsReasoning

**Directions (12-15): निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.**

छह व्यक्ति एक त्रिभुजाकार मेज के चारो ओर इस प्रकार बैठे हैं जिससे कोने पर बैठे व्यक्ति बाहर की ओर उन्मुख हैं और वे व्यक्ति जो भुजाओं के मध्य में बैठे हैं वे अंदर की ओर उन्मुख हैं. उन सभी को विभिन्न रंग पसंद हैं.

D उस व्यक्ति एक बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है जिसे हरा रंग पसंद है. D और C के मध्य केवल एक व्यक्ति बैठा है. वह व्यक्ति जिसे गुलाबी रंग पसंद है, वह पीला रंग पसंद करने वाले के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है. वह व्यक्ति जिसे नीला रंग पसंद है वह बाहर की ओर उन्मुख है. E, F के दायें से तीसरे स्थान पर बैठा है, F जिसे सफ़ेद रंग पसंद नहीं है. A उस व्यक्ति के दायें से तीसरे स्थान पर बैठा है जिसे भूरा रंग पसंद है. C को न तो हरा और न ही गुलाबी रंग पसंद है. B उस व्यक्ति के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है जिसे सफ़ेद रंग पसंद है. D को भूरा रंग पसंद है और वह कोने पर बैठा है. F, पीला रंग पसंद करने वाले का निकटतम पडोसी नहीं है.

Q12. **निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को नीला रंग पसंद है?**
(a) F
(b) E
(c) A
(d) C
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTagsPuzzle


Q13. **निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्ति B के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठे व्यक्ति के ठीक दायें बैठा है?**
(a) A
(b) वह व्यक्ति जिसे गुलाबी रंग पसंद है
(c) E
(d) वह व्यक्ति जिसे भूरा रंग पसंद है
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTagsPuzzle

Q14. **B को निम्नलिखित में से कौन सा रंग पसंद है?**
(a) भूरा
(b) गुलाबी
(c) पीला
(d) सफ़ेद
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTagsPuzzle

Q15. **निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्ति C के दायें से तीसरे स्थान पर बैठा है?**
(a) B
(b) F
(c) D
(d) A
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTagsPuzzle


Solutions

Solutions (1-5):
Sol.





S1. Ans.(a)
S2. Ans.(e)
S3. Ans.(c)
S4. Ans.(e)
S5. Ans.(e)

**Solution (6-10):**
**Sol.**





S6. Ans(b)
S7. Ans(e)
S8. Ans(b)
S9. Ans(c)
S10. Ans(e)

S11. Ans.(d)
Sol.




**Solution (12-15):**
**Sol.**




S12. Ans.(d)
S13. Ans.(b)
S14. Ans.(c)
S15. Ans.(a)